## इंडिया एक्सपो मार्ट में अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो की तैयारी पूरी, छोटे उद्यमियों को बड़ा बाजार मिलने की उम्मीद

# नोएडा में कारोबार का महाकुंभ आज से

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश में परिवर्तित कर उत्तम प्रदेश बनाने की बड़ी पहल के रूप में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो बुधवार से शुरू हो रहा है। 29 सितंबर तक चलने वाला यह आयोजन ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में होगा।

इस महा आयोजन में ढाई हजार से ज्यादा प्रदर्शक व पांच लाख से ज्यादा उद्यमी, कारोबारी, निर्यातक हिस्सा लेंगे। वन ट्रिलियन डॉलर की इकनॉमी बनाने के लिए प्रदेश को निवेश के हिसाब से मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है, जिसमें योगी सरकार की सुशासन की नीतियों का सबसे बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन में प्रदेश में लागू 25 सेक्टोरल पॉलिसी के प्रति सभी आगंतुकों को विभिन्न माध्यमों के जरिए बड़े स्तर पर जागरूक किया जाएगा।

इसके साथ ही, केंद्र व राज्य सरकार की 13 सरकारी स्कीमों को मुख्य तौर पर प्रोजेक्ट किया जाएगा, जिसके जरिए निवेशकों को लाभ के अवसरों से अवगत कराया जाएगा। यूपीआईटीएस-2024 में प्रदेश की 27 सेक्टर्स की उपलब्धियों, घरेलू व वैश्विक बाजार में इनकी पैठ और इन सेक्टर्स में प्रदेश में उभरते अवसरों के बारे में बड़े स्तर पर जागरूकता का प्रसार किया जाएगा।




यूपी का सबसे बड़ा व्यापारिक मेला बुधवार से ग्रेटर नोएडा में शुरू हो रहा है। मंगलवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

**1.50** लाख लोगों ने ट्रेड शो के लिए कराया पंजीकरण

**100** से अधिक वाहन ट्रेड शो तक लोगों को पहुंचाने के लिए लगाए जाएंगे

**13** स्कीम केंद्र और राज्य सरकार की प्रोजेक्ट की जाएंगी

## सरकारी योजनाओं के प्रति फैलाई जाएगी जागरूकता

मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप, आयोजन में माइक्रो व स्मॉल एंटरप्राइज के लिए प्रदेश सरकार की क्रेडिट गारंटी स्कीम समेत मुख्य तौर पर 13 प्रमुख स्कीमों के प्रचार व प्रसार पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाएगा। इसमें डिजिटल इंडिया मिशन, आंत्रप्रेन्योरशिप एंड स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम (ईएसडीपी), इंटरनेशनल को ऑपरेशन (आईसी) स्कीम, खादी ग्रामोद्योग विकास योजना (अंब्रेला स्कीम), एमएसई क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमएसईसीडीपी), नमामि गंगे व जल शक्ति मिशन, नेशनल मैनुफैक्चरिंग कॉम्पिटीटिवनेस प्रोग्राम (एनएमसीपी), नेशनल एससी व एसटी हब स्कीम, पीएम इंप्लॉयमेंट जेनरेशन प्रोग्राम (पीएमईजीपी), प्रोक्योरमेंट व मार्केटिंग सपोर्ट (पीएमएस) स्कीम, रूरल व अर्बन डेवलपमेंट स्कीम तथा आत्मनिर्भर भारत के तहत ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया प्रोग्राम प्रमुख हैं।

## उपराष्ट्रपति करेंगे शो का उद्घाटन

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो को बुधवार सुबह 12 बजे शुभारंभ करेंगे।

ग्रेटर नोएडा में होने वाले इस मेगा इवेंट में दुनिया प्रदेश के क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर से रूबरू होगी। इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित और बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा, तो भारत और वियतनाम का जायका भी आगंतुकों को आकर्षित करेगा। शो का समापन 29 सितंबर को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा किया जाएगा।

## यूपी की सांस्कृतिक धरोहर से परिचित होंगे मेहमान

लखनऊ। ट्रेड शो में मेहमान यूपी की सांस्कृतिक धरोहरों से भी परिचित होंगे। रूस, बोलिविया, कजाकिस्तान, ब्राजील, वेनेजुएला, इजिप्ट, बांग्लादेश के कलाकार भी अपनी संस्कृति की झलक से मेजबानों को परिचित कराएंगे। 25 सितंबर को पहले दिन नोएडा की माधवी मधुकर का भजन, मेहमान देश वियतनाम के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी। 26 सितंबर को प्रयागराज की नीलाक्षी रॉय के 'प्रेम के रंग, कृष्ण के संग' के जरिए आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होगी। 27 सितंबर को पवनदीप व अरुणिता भी ट्रेड शो में युवाओं के समक्ष प्रस्तुति देंगे। 28 सितंबर को लखनऊ की संजोली पांडेय, सहारनपुर की रंजना नेब रामकथा पर आधारित कथक नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। 29 सितंबर को महोबा के जितेंद्र चौरसिया बुंदेली लोकगायन से परिचित कराएंगे।